आयोजन • जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण, 33 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे

11 ग्रामीण व 5 शहरी चार्ज में होगी जनगणना

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

कैमूर में जनगणना 11 ग्रामीण और 5 शहरी चार्ज में होगी। बता दें कि जनगणना के लिए जिले के 11 प्रखंड और 5 नगर निकाय को चार्ज बनाया गया है। दरअसल, जनगणना के सफल क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जिला पदाधिकारी सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी नितिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मुंडेश्वरी सभाकक्ष में शुरू किया गया। जनगणना कार्य को डिजिटल रूप से संपन्न करने के लिए जनगणना निदेशालय बिहार पटना द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षक नीरज कुमार सिंह और गंगेश कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।उन्होंने बताया कि मकान सूचीकरण का कार्य प्रथम चरण में 17 अप्रैल से 1 मई तक होगा। इस दौरान स्वगणना का कार्य ऑनलाइन स्वयं द्वारा शैक्षिक रूप से यदि कोई व्यक्ति करना चाहे तो कर सकता है। मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना का कार्य 2 से 31 मई तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण में जनगणना का परिचय, विधिक प्रावधान, निधि प्रबंधन, मानव संसाधन एवं आम जनों में जनगणना के महत्वपूर्ण बिंदुओं के प्रचार प्रसार के बारे में विस्तार से बताया गया। बता दें कि कैमूर में जनगणना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जनगणना कार्य के लिए 17 मार्च तक समाहरणालय के मां मुंडेश्वरी सभागार में जिलास्तरीय, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी और चार्ज पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद 23 से 28 मार्च तक फील्ड प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण होगा। इस प्रशिक्षण में उप विकास आयुक्त दिव्या शक्ति, अपर समाहर्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ, मोहनिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला पंचायती राज पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला आईटी प्रबंधक, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला जनगणना कोषांग के कर्मी मौजूद रहे।

जनगणना के लिए डीएलसीसी का गठन

कैमूर जिले में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (डीएलसीसी) का गठन कर दिया गया है। डीएम की अध्यक्षता वाली यह समिति डिजिटल तकनीक के माध्यम से समयबद्ध तरीके से जनगणना कार्य को संपन्न कराएगी। अपर जिला जनगणना पदाधिकारी कैमूर राजीव रंजन कुमार ने बताया कि जनगणना को सही तरीके और तय समय पर पूरा करने के लिए जिला स्तर पर सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है।जिलाधिकारी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।समिति में उप विकास आयुक्त सदस्य,अपर समाहर्ता सह जिला जनगणना पदाधिकारी को संयोजक सदस्य, स्थापना उपसमाहर्ता,नजारत उपसमाहर्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद भभुआ,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला जनगणना पदाधिकारी को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा पंचायती राज विभाग,सांख्यिकी विभाग,आईसीडीएस,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, योजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है।

सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक जानकारी ली जाएगी

जनगणना का दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण में में शुरू होगा।जिसमें 2 से 31 मई तक विशेष अभियान में घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा।इस दौरान घर-घर सर्वेक्षण और मकान के सूचीकरण के साथ परिवार के सदस्यों की विस्तृत जानकारी ली जाएगी।जनगणना में इस बार लोगों के साथ उनकी जातियों की भी गिनती की जाएगी।पहले चरण में मकान का सूचीकरण होगा।इसमें हर परिवार की आवासीय स्थिति,संपत्ति,सुविधा आदि की जानकारी ली जाएगी।जबकि दूसरे चरण में हर व्यक्ति की जनसंख्यकी,सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक जानकारी इकट्ठा की जाएगी। जनगणना के पहले चरण में कुल 33 प्रश्न शामिल होंगे।ये प्रश्न मकानों की स्थिति, उनके उपयोग,उपलब्ध सुविधाओं,परिसंपत्तियों और मुख्य अनाज के उपभोग से संबंधित होंगे। सरकार की ओर से जनगणना 2027 की अधिकारिक घोषणा कर दी गई है।कैमूर में दो फेज में जनगणना का काम होगा।जनगणना को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है।सर्वे के दौरान हर परिवार की स्थिति घर में उपलब्ध सुविधाएं और बुनियादी जानकारियां दर्ज की जाएगी।

जनगणना कार्य पारदर्शी व सुचारु तरीके से होगा

जनगणना के लिए सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुदृढ़ करने पर बल देते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं ताकि जनगणना का कार्य पारदर्शी सुचारु तरीके से संपन्न हो। जनगणना सिर्फ लोगों की गिनती नहीं है बल्कि इसी आंकड़े के आधार पर सरकार की योजनाएं और नीतियां बनती हैं। जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समितियां जनगणना से जुड़े सभी कार्यों पर नजर रखेंगी। ये समितियां फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं का समाधान करेंगी और समय-समय पर काम की प्रगति की समीक्षा भी करेंगी।

नितिन कुमार सिंह, डीएम सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी कैमूर

यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा

यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी की जांच होगी

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

कैमूर जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डीएम सह जिला सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष नितिन कुमार सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा जिलेभर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिला प्रशासन की व्यापक सड़क सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों, ग्रामीण सड़कों,बाजार क्षेत्रों और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा।जांच के दौरान दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्यता,वाहनों की फिटनेस प्रमाणिकता,प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, वैध मोटर वाहन बीमा,मालवाहक व सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग,यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी की जांच होगी। जिले में सड़कों पर बहुतेरे छोटी सवारी वाहन क्षमता से अधिक भार वाले दौड़ाए जा रहे हैं।छोटे यात्री वाहनों में यात्रियों के साथ सामानों की भी ढुलाई की जा रही है।बताया जाता है कि दर्जनों ऐसे टेंपो व छोटे सवारी वाहनों का परिचालन हो रहा है, जिस पर ओवरलोडेड सामान भरा रहता है। जबकि यात्री वाहनों पर सामानों की बढ़ी पैमाने पर ढुलाई करना परिवहन नियमों के मानक पर नहीं है,लेकिन मालवाहक वाहनों की अपेक्षा ऐसे यात्री वाहनों से कम भाड़ा लगने के कारण सामानों की ढुलाई कराई जाती है। बता दें कि जिले की सड़कों पर रोज दौड़ रही कई छोटी सवारी वाहनों को ओवरलोडेड चलाया जा रहा है। यात्री वाहनों को माल वाहक के रूप में प्रयोग करने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसा नजारा अमूमन रोज जिले की मुख्य पथों के अलावे लिंक पथों पर देखा जा सकता है, जिले के कई बुद्धिजीवियों का कहना है कि ऐसे वाहन परिवहन नियमों को नहीं मान रहे हैं।

गैस किल्लत की अफवाह से एजेंसी पर भीड़

सिटी रिपोर्टर | मोहनिया



गैस सिलेंडर की किल्लत की अफवाह के बीच गुरुवार को मोहनिया नगर स्थित दुर्गा इंडेन गैस के गोदाम पर गैस सिलेंडर से भरा दो ट्रक पहुंचा।गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की अच्छी खासी भीड़ गैस गोदाम पर मौजूद रही। इस दौरान पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में उपभोक्ताओं के बीच गैस सिलेंडर का वितरण किया गया।फिलहाल करीब एक सप्ताह से गैस एजेंसी पर लगातार उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही है।गुरुवार को मोहनिया थाना क्षेत्र के डड़वा के पास स्थित इंडेन गैस एजेंसी गैस गोदाम पर सुबह लगभग 6 बजे से ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। एजेंसी संचालक की ओर से प्रशासन को सुबह सूचना भी दे दी गई, लेकिन प्रशासनिक टीम थोड़ी विलंब से मौके पर पहुंची। तब तक सैकड़ों लोग लाइन में खड़े होकर इंतजार करते रहे। मोहनिया निवासी मंजीव गुप्ता ने कहा कि वे पिछले तीन दिनों से गैस के लिए दौड़ रहे हैं। बुधवार को करीब आधा किलोमीटर लंबी लाइन लगी थी, लेकिन उनकी बारी आने से पहले ही गैस खत्म हो गई। गुरुवार को फिर गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे हैं,उम्मीद है आज उन्हें गैस मिल जाएगा। एजेंसी संचालक प्रदीप कुमार ने बताया कि वे सुबह 7:30 बजे एजेंसी पर पहुंच गए थे।8:30 बजे गैस का ट्रक भी आ गया था। सुबह ही प्रशासन को सूचना दे दी गई थी। प्रशासन की ओर से कहा गया था कि उनके आने के बाद ही गैस का वितरण कराया जाए। प्रशासन के आने के बाद गैस का वितरण शुरू कर दिया गया।

बाईपास रोड में गड्ढे से हादसे की आशंका

भभुआ| नगर क्षेत्र के अखलासपुर बस स्टैंड से बाईपास रोड जाने वाले मार्ग में सड़क के बीच गड्ढा उभर आया है,जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है।सड़क में उभरे गड्ढे में जैसे ही वाहनों का पहिया प्रवेश करता है वाहनें असंतुलित हो जा रही है। बाईपास सड़क में गड्ढे से इस मार्ग से होकर आने-जाने वाले वाहनों को परेशानी हो रही है। बता दें कि अखलासपुर बस स्टैंड से बाईपास जाने वाले बाईपास मार्ग में रोज सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। लेकिन इस सड़क में कुछ दिनों से एक दो नहीं कई जगह पर सड़क के हिस्से में ही गड्ढे उभर आए हैं।

टीएलएम मेला 3.0 में कैमूर का सराहनीय प्रदर्शन

सिटी रिपोर्टर | भभुआ



राज्य स्तरीय टीएलएम मेला 3.0 में कैमूर का सराहनीय प्रदर्शन रहा। बता दें कि गणित विषय में कैमूर ने छठवां एवं पर्यावरण अध्ययन में दसवां स्थान प्राप्त किया दरअसल, एससीईआरटी पटना से 10 एवं 11 मार्च को आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय निपुण शिक्षण-अधिगम सामग्री मेला 3.0 में बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित शिक्षकों ने अपनी नवाचारी शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विक्रम विरकर निदेशक,प्राथमिक शिक्षा के करकमलों द्वारा किया गया। इस राज्य स्तरीय आयोजन में कैमूर जिले के शिक्षकों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया। इसकी आकर्षक प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल का विशेष ध्यान आकर्षित किया।टीएलएम मेला में अपग्रेड मिडल स्कूल हरीहरपुर प्रखंड भभुआ की शिक्षिका द्वारा प्रस्तुत शिक्षण-अधिगम सामग्री खुशहाल बचपन को पर्यावरण अध्ययन विषय में राज्य स्तर पर दसवां स्थान प्राप्त हुआ।यह सामग्री बच्चों में पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छता,हरि त जीवनशैली एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करने में सहायक सिद्ध हुई।कार्यक्रम में यह सामग्री विशेष आकर्षण का केंद्र रही।राज्य स्तरीय मंच पर भाग लेने वाले शेष प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीपीओ एसएसए विकास कुमार डीएन, डीपीओ स्थापना शंभू कुमार सिंह,डीपीओ विष्णुकांत राय,संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मिश्रा,मृत्युंजय कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। डीईओ राजन कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय आयोजन में कैमूर जिले की सक्रिय भागीदारी एवं उपलब्धिया जिले में शैक्षणिक नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।राज्य स्तर पर यह सराहनीय प्रदर्शन भविष्य में और उत्कृष्ट उपलब्धियों की दिशा में प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा।राज्य स्तरीय टीएलएम मेला 3.0 में कैमूर का सराहनीय प्रदर्शन रहा।गणित विषय में कैमूर ने छठा एवं पर्यावरण अध्ययन में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

14 प्रतिभागियों ने एड्स जागरुकता पर अपने विचार साझा किये

एड्स संबंधी जागरुकता परिचर्चा में 5 प्रतिभागी चयनित

सिटी रिपोर्टर | भभुआ



कार्यक्रम में शामिल छात्राएं

गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज भभुआ एवं सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज भभुआ के संयुक्त तत्वाधान में \'रेड रिबन प्रतियोगिता\' के तहत \'एड्स संबंधी जागरूकता परिचर्चा\' का आयोजन शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज,भभुआ के प्रांगण में किया गया,जिसमें कुल 14 प्रतिभागी भाग लिए।जिनमें से 5 प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। चयनित प्रतिभागियों में शिखा कुमारी,तनु कुमारी,रेखा कुमारी, रतन ज्योति,सानिया जहांगीर का चयन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ.शिव कुमार पांडेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी डॉ.अंजु सिंह, डॉ. निलीमा श्रीवास्तव, डॉ.उपेंद्र पांडे, डॉ. पुष्पांजलि, डॉ. कविता पटेल, डॉ.विभा पटेल, अमित कुमार, विकेश कुमार, संजीव कुमार शामिल हुए। सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मुरलीधर उपाध्याय भी शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद संजय सिंह महिला कॉलेज भभुआ के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सुमन सिंह एवं डॉ. पंकज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 14 प्रतिभागियों द्वारा एड्स जागरूकता पर अपने-अपने विचार साझा किये गए।प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार स्वरूप एक-एक पुस्तक प्रदान किया गया।

17.460 लीटर शराब और बाइक जब्त, दो गिरफ्तार

रामगढ़| रामगढ़ थाना क्षेत्र के जलदहा इमलिया मोड़ से रामगढ़ पुलिस ने गुरुवार के दिन एक पल्सर बाइक से 17.460 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।सब इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि जंगलछेरा के जल्दाहा इमलिया मोड़ के पास शराब की खेप लेकर कारोबारी आ रहे हैं, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रीतम कुमार तथा बिट्टु कुमार दोनों ग्राम पचपोखरी थाना कुदरा को एक पल्सर मोटरसाइकिल पर रखे 180 एमएल के कुल 97 पीस 8 पीएम अंग्रेजी शराब कुल 17.460 लीटर के साथ गिरफ्तार किया गया। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

रामगढ़ सीएचसी में सीजेरियन प्रसव की व्यवस्था

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

सीएचसी रामगढ़ में सीजेरियन प्रसव की सुविधा जल्द शुरू होगी। तैयारी की जा रही है।दरअसल,जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य महकमे की ओर से सभी प्रयास किये जा रहे हैं।चिकित्सकों एवं तकनीशियन की कमी भी जल्दी ही दूर कर ली जाएगी।राज्य सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति की जा रही है।जिला में सभी चिकित्सकों को रोस्टर के अनुसार ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं और प्रयास किया जा रहा है कि लाभार्थियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।जिला के स्वास्थ्य संस्थानों का लगातार उन्नत करने का काम किया जा रहा है। ताकि स्तरीय चिकित्सीय सेवाएं जनमानस के लिए उपलब्ध हों।सिविल सर्जन डॉ चंदेश्वरी रजक,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य ऋषिकेश जायसवाल ने बताया कि जिला से लेकर पंचायत स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

रोसिला देवी,रामपुर प्रखंड के नौहट्टा की आशा कार्यकर्ता बताती हैं कि हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि सभी लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सेवा ससमय उपलब्ध करा सकूं।मेरा प्रयास रहता है कि सभी जरूरतमंद मरीजों को जल्दी से जल्दी स्वास्थ्य केंद्रों पर लेकर पहुंच सकूं ताकि उनकी परेशानी दूर हो सके। अपने गांव में लोगों को बताती हूं कि सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज किया जाता है और लोगों का भरोसा धीरे-धीरे व्यवस्था पर बढ़ रहा है। सिविल सर्जन डॉ चंदेश्वरी रजक,जिला कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य ऋषिकेश जायसवाल ने बताया कि प्रसव की सुविधा का विस्तार जिले के अस्पतालों में किया जा रहा है।रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य में जल्दी ही सीजेरियन प्रसव की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इसके लिए चिकित्सक की नियुक्ति की गयी है।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों को लगातार मानकों के अनुसार विकसित किया जा रहा है।

थाने में समस्या बताएं, होगा निराकरण: एसपी

सिटी रिपोर्टर | भगवानपुर



गुरुवार को कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला ने भगवानपुर थाने में जनता दरबार लगाया। एसपी ने बताया कि थाने में जनता दरबार लगाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी पीड़ित व्यक्ति जो अपनी समस्याओं को लेकर बार-बार थाने का चक्कर काट रहा हो या फिर मुख्यालय तक मिलने मुझसे नहीं पहुंच पा रहा है,वे स्थानीय थाने में मिलकर अपनी समस्याओं को बताएं,उनकी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।जनता दरबार में करीब 10 की संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा।जिसमें कुछ जमीन से जुड़े मामले तो कुछ थाने में चल रहे मुकदमे शामिल रहे।एसपी ने कहा कि जमीन विवाद से जुड़े मामले को अंचलाधिकारी से मिलकर आप सुलझाएं और पुलिस आप का सहयोग करेगी।जहां जरूरत पड़ेगी सुरक्षा को देखते पुलिस वहां उपस्थित रहेगी।थाने में लंबित मामले को लेकर एसपी ने थाना अध्यक्ष और संबंधित केस की अनुसंधानकर्ता को निर्देशित किया कि मामलों को यथाशीघ्र निपटाया जाए।मौके पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार,थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा के अलावा थाना के पुलिस अधिकारी शामिल रहे। उपस्थित लोगों में सरैया पंचायत के मुखिया उमेश दुबे और जैतपुर कला के मुखिया राजेंद्र प्रसाद आदि रहे।

एससी-एसटी थाना पुलिस ने 6 अभियुक्तों को पकड़ा

शेखपुरा| मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित शेखपुरा आगमन को लेकर जिले में अपराध नियंत्रण और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात एससी एसटी थाना पुलिस ने छापेमारी कर कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने टाउन थाना क्षेत्र के कारे गांव में छापेमारी कर एक मामले में फरार चल रहे उपेंद्र पासवान के पुत्र पतलू पासवान को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा दलित उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने सिरारी थाना क्षेत्र के गगरी गांव में भी छापेमारी अभियान चलाया, जहां से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

बिजली बिल मिलने के 15 दिनों में भुगतान पर 1.5 % छूट

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, भभुआ द्वारा बकाया बिजली बिल की वसूली को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।बिल जारी होने के 15 दिनों के भीतर भुगतान करने पर 1.5 प्रतिशत की छूट तथा ऑनलाइन भुगतान करने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जा रही है। साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं की निगरानी भी बढ़ाई जा रही है। इस अभियान के तहत विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर राजस्व संग्रहण के साथ-साथ बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी तेजी से कर रहे हैं। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता,भभुआ शशिकांत कुमार ने बताया कि राजस्व वसूली को प्रभावी बनाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।इन टीमों को बकायेदार उपभोक्ताओं से बिल संग्रहण करने तथा आवश्यकतानुसार बिजली कनेक्शन काटने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लाइन काटने का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। चलाए गए अभियान के दौरान 176 बकायेदार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन विच्छेद किया गया, जबकि 221 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि का भुगतान किया। इस अभियान के तहत 18 लाख 5 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई तथा 14 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी व दर्ज प्राथमिकी के सापेक्ष 3.5 लाख रूपये जुर्माना की राशि अधिरोपित है।साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में 5000 से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 20000 से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल जमा नहीं करने पर उनका कनेक्शन काटा जा रहा है। कनेक्शन कटने के बाद पुनः आपूर्ति बहाल कराने के लिए उपभोक्ताओं को निर्धारित री-कनेक्शन शुल्क देना होगा, जिसमें सिंगल फेज उपभोक्ताओं के लिए 100 तथा तीन फेज छोटे उद्योगों के लिए 900 निर्धारित है। विभाग द्वारा समय पर बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष छूट का प्रावधान भी किया गया है। जिन क्षेत्रों में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी की आशंका है, वहां डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर विशेष मीटर लगाकर ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जा रही है। यदि बिजली खपत और बिलिंग के आंकड़ों में अंतर पाया जाता है तो 31 मार्च तक संबंधित उपभोक्ताओं पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 25 पैसे की रियायत मिलती रहेगी।

आयोजन • जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बैंक पदाधिकारियों अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की

बैंक लोन मामलों में अधिकतम छूट प्रदान करें

सिटी रिपोर्टर | भभुआ



राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बैंक पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की।बता दें कि स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च की सफलता और व्यापक तैयारी को लेकर गुरुवार को दो महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया।इन बैठकों की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष ,जिला विधिक सेवा प्राधिकार कैमूर अनुराग द्वारा की गई।बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुमन सौरव उपस्थित थे।प्रथम सत्र में जिले के सभी बैंक पदाधिकारियों एवं लीड बैंक मैनेजर कैमूर के साथ उच्च स्तरीय बैठक की गई।बैठक के दौरान न्यायाधीश ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बैंक ऋण से संबंधित मामलों में आम जनता को अधिकतम छूट और लाभ प्रदान किया जाए।उपभोक्ताओं के साथ उदारतापूर्वक व्यवहार करते हुए अधिक से अधिक मामलों का मौके पर ही निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।अंतिम समय की तैयारियों को पूरा कर लिया जाए ताकि 14 मार्च को आने वाले पक्षकारों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।बता दें कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च को व्यवहार न्यायालय भभुआ एवं अनुमंडल न्यायालय मोहनिया के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।इस लोक अदालत में अन्य दीवानी व सुलहनीय फौजदारी वादों के साथ संबंधित मामलों के निपटारे पर विशेष बल दिया जाएगा।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं।लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर होता है जिसकी कोई अपील नहीं होती और इससे समय एवं धन दोनों की बचत होती है।

मुवक्किलों को लोक अदालत से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित करें

दूसरे सत्र में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिवक्ता संघ भभुआ के वरीय अधिवक्ताओं बार एसोसिएशन भभुआ के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ विशेष बैठक की।अधिवक्ताओं से अपील की गई कि वे अपने मुवक्किलों को लोक अदालत के माध्यम से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित करें।न्यायालय में लंबित शमनीय वादों के शीघ्र निपटारे में सहयोग की अपेक्षा की गई।बैठक में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।प्राधिकार की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मामलों जैसे बैंकिंग,बिजली,पानी, राजस्व,वैवाहिक एवं अन्य शमनीय मामले का निपटारा कराकर अनावश्यक मुकदमेबाजी से मुक्ति पाएं।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !
सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम,2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पत्तियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट-IV-A [नियम 9 (1) का प्रावधान देखें] सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना
प्राधिकृत अधिकारी